**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.05.2026 समय : 1905

<><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली दौरे पर भारतीय संस्कृति प्रेम और वाराणसी पर चित्रकला बनाने वाले कलाकार की प्रशंसा की।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने जाति आधारित जनगणना को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर केन्द्र सरकार के फैसलों को नीतिगत अधिकार बताया।
3. भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती वर्ष पर चौबीस मई को लाल किला मैदान में होगा जनजाति सांस्कृतिक समागम।
4. कला एवं संस्कृति विभाग और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सहयोग से जून में एक महीने की रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

भारत और इटली ने व्यापार, निवेश और आपूर्ति श्रृंखला की मज़बूती के लिए भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारे को और विकसित करने पर सहमति जताई। एक संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारे पर सहयोग की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारे को एक प्रमुख संपर्क और आर्थिक गलियारा बताया, जो यूरोप, मध्य पूर्व और भारत को जोड़ता है और जो व्यापार, निवेश तथा आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को दोहराया कि बातचीत और कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है।

इटली की प्रधानमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों के बीच आपसी जुड़ाव को मज़बूत करना एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस गलियारे के विकास का मजबूती से समर्थन करते हैं।

<><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खाद्य और कृषि संगठन के 'एग्रीकोला मेडल' से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि यह सम्मान खाद्य सुरक्षा को मज़बूत करने, टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने और ग्रामीण विकास को गति देने में श्री मोदी के शानदार नेतृत्व को दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री को 'रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ़ मेरिट' के 'ग्रैंड क्रॉस' और स्वीडन के 'रॉयल ऑर्डर ऑफ़ द पोलर स्टार' से सम्मानित किए जाने पर भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये सम्मान श्री मोदी के नेतृत्व में भारत के प्रति बढ़ते सम्मान और वैश्विक मंच पर बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाते हैं।

<><><><><><>

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल मेटा, गूगल और टेलीग्राम सहित प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित गलत सूचनाओं के बढ़ते प्रसार पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। यह बैठक 21 जून को होने वाली नीट–यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा से पहले काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि कई ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट है जो परीक्षाओं से पहले अत्यधिक सक्रिय हो जाते हैं तथा फर्जी पेपर लीक के दावे, क्लिकबेट सामग्री और अपुष्ट जानकारी फैलाते हैं। इससे छात्रों और अभिभावकों में चिंता और भ्रम की स्थिति पैदा होती है। श्री प्रधान ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि गलत सूचनाओं पर तेजी से अंकुश लगाया जा सके और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनी रहे।

<><><><><><>

भगवान बिरसा मुंडा की डेढ़ सौवीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा चौबीस मई को नई दिल्ली के लाल किला मैदान में "जनजाति सांस्कृतिक समागम–2026" का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में देशभर के पांच सौ से अधिक जनजातीय समुदायों के लगभग डेढ़ लाख प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अंडमान–निकोबार द्वीप समूह से भी छोटानागपुरी मूल के बारह जनजातीय समूहों के एक सौ तैंतीस प्रतिभागी समागम में भाग लेंगे। वनवासी कल्याण आश्रम, अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के प्रांत प्रचार प्रमुख राम कुमार सिंह ने बताया कि यह आयोजन भगवान बिरसा मुंडा की विरासत, जनजातीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा।

<><><><><><>

आगामी मानसून सत्र को देखते हुए विद्युत लाइनों की सुरक्षा एवं रखरखाव कार्य के लिए 23 मई को कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार ब्रुक्शाबाद फीडर, चिड़ियाटापू फीडर तथा कैलिकट फीडर को सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक लाइन सफाई कार्य के लिए विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बन्द रखी जाएगी। उपभोक्ताओं को किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1800–345–1111 पर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत मिशन शक्ति महिला सहायता दूरभाष सेवा हेतु वी आई पी रोड स्थित महिला एवं बाल विकास नियंत्रण कक्ष में संविदा आधार पर विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कॉल परिचालक के दो पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ–साथ बहुउद्देशीय कर्मचारी तथा सुरक्षा प्रहरी के दो–दो पद भी भरे जाएंगे। सेवानिवृत्त सैन्य अथवा अर्द्धसैनिक कर्मियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 19 जून शाम 5 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत राज्य पुस्तकालय द्वारा छब्बीस से तीस मई तथा नौ जून से बारह जून तक दो चरणों में "ग्रीष्मकालीन पुस्तक उत्सव–2026" का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगा। यह आयोजन विशेष रूप से छ से अटठारह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों, अर्थात कक्षा एक से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों में पठन–पाठन की आदत विकसित करना, कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित करना तथा साहित्यिक एवं रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देना है। ग्रीष्मकालीन पुस्तक उत्सव में कहानी वाचन, चित्रकला, पुस्तक खोज प्रतियोगिता, वर्तनी प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी तथा कविता प्रतियोगिता जैसी अनेक रोचक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम बच्चों को रचनात्मकता विकसित करने, संप्रेषण कौशल सुधारने तथा मनोरंजक शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा। इच्छुक प्रतिभागी राज्य पुस्तकालय में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 7501–496–353 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

जी.बी. पंत अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार डेयरी फार्म निवासी 46 वर्षीय शंकर दास का 2 मई को निधन हो गया था। मृतक का शव वर्तमान में जी. बी. पंत अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार अब तक मृतक के किसी परिजन अथवा परिचित द्वारा शव का दावा नहीं किया गया है। प्रशासन ने आमजनता, गैर–सरकारी संगठनों तथा मृतक के परिजनों से आगे आकर शव प्राप्त करने की अपील की है। सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर यदि कोई परिजन अथवा संबंधित व्यक्ति शव लेने के लिए आगे नहीं आता है, तो अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक नियमानुसार शव के मामले में अंतिम कार्रवाई करेंगे।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस समिति ने आज पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गाँधी की पैंतीसवीं पुण्यतिथि पर श्री विजयपुरम् स्थित गाँधी भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर ए एन टी सी सी के अध्यक्ष रंगलाल हल्दर, अभियान समिति के अध्यक्ष जी भास्कर सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

<><><><><><>